Series : JBB/2

SET – 2

कोड नं.
Code No. **32/2/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 13 + **मानचित्र** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **13 + Map** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिनें हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **35** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ ।*
*इस प्रश्नपत्र में प्रश्नों की संख्या 35 है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड–क** में प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iii)* ***खण्ड–ख** में प्रश्न संख्या 21 से 28 तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड–ग** में प्रश्न संख्या 29 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड–घ** प्रश्न संख्या 35 मानचित्र आधारित है , यह प्रश्न 6 अंक का है । जो कि इतिहास से (35 अ – **दो** अंक) तथा भूगोल (35 ब – **चार** अंक) से संबंधित है ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन कीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(viii)* *मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड – क

1. निम्नलिखित में से कौन सा वियना संधि 1815 की परिणाम नहीं था ?
   (a) उत्तर में नीदरलैंडस का राज्य स्थापित किया गया ।
   (b) ऑस्ट्रिया को उत्तरी इटली का नियंत्रण सौंपा गया ।
   (c) प्रशा को उसकी पश्चिमी सीमा पर महत्त्वपूर्ण नए इलाके दिए गए ।
   (d) रूस को जर्मन महासंघ के 39 राज्य सौंपे गये । **1**

2. बेगार का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **1**

3. संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए । **1**

   **अथवा**

   'प्रच्छन बेरोजगारी' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए । **1**

**General Instructions :**

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* *Question paper comprises **four** Sections, **A, B C** and **D**.*
*There are **35** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A** – question no. **1** to **20** are very short answer type questions, carrying **1** mark each.*

*(iii)* ***Section B** – question no. **21** to **28** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(iv)* ***Section C** – question no. **29** to **34** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(v)* ***Section D** – question no. **35** is map based carrying **6** marks with two parts **35 a** from History (**2** marks) and **35 b** from Geography (**4** marks).*

*(vi)* *Answer should be brief and to the point. Also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *Attach MAP along with your answer book.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## Section – A

1. Which one of the following was NOT the result of the Treaty of Vienna 1815 ?
   (a) The Kingdom of the Netherlands was setup in the North.
   (b) Austria was given control of Northern Italy.
   (c) Prussia was given important new territories on its western frontiers.
   (d) Russia was given German confederation of 39 states. **1**

2. Explain the meaning of 'Begar'. **1**

3. Distinguish between 'Organised' and 'Unorganised Sector'. **1**

   **OR**

   Explain the meaning of Disguised Unemployment. **1**

4. 'द्वितीयक क्षेत्रक' की किसी एक गतिविधि के विकास के लिए कोई एक उपाय सुझाइए। 1

5. तालिका का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए :

**हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े**

| राज्य | शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित जन्में (2016) | साक्षरता दर % (2011) | निवल उपस्थिति अनुपात (प्रति 100 व्यक्ति) उच्चतर (आयु 14 तथा 15 वर्ष) 2013-14 |
|---|---|---|---|
| हरियाणा | 33 | 82 | 61 |
| केरल | 10 | 94 | 83 |
| बिहार | 38 | 62 | 43 |

**स्रोत** : आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18 वॉल्यूम 2, भारत सरकार, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (रिपोर्ट संख्या 575)

किस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक है ? 1

6. स्तम्भ A व स्तम्भ B में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

| स्तम्भ A | स्तम्भ B |
|---|---|
| (a) पंजाब के समृद्ध किसान | (i) काम करने के अधिक दिन तथा बेहतर मजदूरी |
| (b) भूमिहीन ग्रामीण मजदूर | (ii) सिंचाई के लिए अतिरिक्त साधनों की उपलब्धता |
| (c) किसान जो खेती के लिए केवल वर्षा पर निर्भर है। | (iii) किसानों को उनकी उपज के लिए ज्यादा समर्थन मूल्य |
| (d) शहर के अमीर परिवार की एक लड़की | (iv) उसे अपने भाई के समान आजादी मिलती है। |

1

7. महिलाओं को पुरुषों के समान हर कार्य क्षेत्र में समान वेतन पाने के लिए कोई एक सुझाव लिखिए। 1

**अथवा**

सभी धर्मों में वर्णित परिवार कानून में बदलाव करने के लिए कोई एक सुझाव लिखिए। 1

8. सरकार के विभिन्न स्तरों के आधार पर सत्ता के बँटवारे का सही विकल्प चुनिए।
   (a) विभिन्न दबाव समूहों के मध्य
   (b) विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य
   (c) विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के मध्य
   (d) संघ सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकाय के मध्य 1

9. स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद पश्चिमी तट पर विकसित किए गए प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए। 1

**अथवा**

भारत के अन्तःस्थलीय नदीय प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए। 1

4. Suggest any one measure for the development of any activity of 'Secondary Sector'. **1**

5. Study the table and answer the question that follow :

**Some comparative data on Haryana, Kerala and Bihar**

| State | Infant Mortality Rate per 1,000 live births (2016) | Literacy Rate % (2011) | Net Attendance Ratio (per 100 persons) secondary stage (age 14 and 15 years) 2013-14 |
|---|---|---|---|
| Haryana | 33 | 82 | 61 |
| Kerala | 10 | 94 | 83 |
| Bihar | 38 | 62 | 43 |

**Sources** : Economic Survey 2017-18 Vol. 2. Government of India ; National Sample Survey Organisation. (Report No. 575).

Which State has the highest literacy rate ? **1**

6. Match Column A with Column B and choose the correct option given below :

| Column A | Column B |
|---|---|
| (a) Prosperous farmers from Punjab. | (i) More days of work and better wages. |
| (b) Landless rural labourers. | (ii) Availability of additional sources of irrigation facilities. |
| (c) Farmers who depend only on rain for growing crops. | (iii) Higher support prices for their crops for farmers. |
| (d) A girl from a rich urban family. | (iv) She gets as much freedom as her brother. |

**1**

7. Suggest any one way to pay equal wages to women in all areas of work as equal to men. **1**

**OR**

Suggest any one way to change 'family laws' of all religions. **1**

8. Identify the correct option of power sharing on the basis of different levels of government.
   (a) Among different pressure groups.
   (b) Among different social groups.
   (c) Legislature, Executive and Judiciary.
   (d) Union Government, State Government and Local bodies. **1**

9. Name the first major sea port developed soon after Independence on the Western Coast. **1**

**OR**

Name the inland riverine major sea port of India. **1**

10. काकरापारा आणविक ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित राज्यों में से किसमें स्थित है ?

(a) गुजरात (b) कर्नाटक

(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश 1

11. किस देश ने 868 ई. में बौद्ध डायमंड सूत्र को मुद्रित किया ? 1

12. 'आयात शुल्क' शब्द को परिभाषित कीजिए । 1

**अथवा**

'फ्लाई शटल' क्या है ? 1

13. बेल्जियम के निवासी प्रमुख रूप से निम्नलिखित में से कौन सी दो भाषाएँ बोलते हैं ?

(a) फ्रेंच व अंग्रेजी (b) डच व फ्रेंच

(c) रूसी व डच (d) रूसी व फ्रेंच 1

14. 'बहु-संख्यकवाद' शब्द की व्याख्या कीजिए । 1

15. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

प्रिंटिंग प्रेस पहले पहल गोवा में ________ धर्म सुधारकों के साथ आया । 1

**अथवा**

कैथलिक पुजारियों ने 1579 में कोचीन में पहली ______ किताब छापी । 1

16. बिब्लियोथीक ब्ल्यू का फ्रांस में चलन अधिक क्यों था ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) ये सस्ती और छोटे आकार की थीं । (b) इन्हें सरकार द्वारा प्रोन्नत किया गया ।

(c) ये बड़े आकार की रंगीन पुस्तकें थीं । (d) ये अच्छे कागज पर छपी थीं । 1

17. "मुद्रण संस्कृति ने फ्रांसीसी क्रांति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ रचीं ।" निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कथन की पुष्टि करता है ?

(a) छपाई के चलते ज्ञानोदय के चिंतकों के विचारों का प्रसार हुआ ।

(b) लेखन ने आधुनिकता और निरंकुशवाद की आलोचना पेश की ।

(c) छपाई ने पादरियों की संवाद व वाद-विवाद की नयी संस्कृति को जन्म दिया ।

(d) मुद्रण संस्कृति ने केवल कुलीन वर्ग के विचारों का प्रसार किया । 1

18. उपयुक्त सूचना से निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए :

स्वामित्व के आधार पर संसाधनों के प्रकार

| **संसाधन** | **उदाहरण / प्रकार** |
|---|---|
| ____A ?____ | चारागाह, तालाब आदि |
| ____B ?____ | किसान की खेती की जमीन |

½ + ½ = 1

10. In which of the following States is Kakrapara Atomic power plant located ?
(a) Gujarat (b) Karnataka
(c) Rajasthan (d) Madhya Pradesh **1**

11. Which country printed the Buddhist Diamond Sutra in 868 A.D. ? **1**

12. Define the term 'Tariff'. **1**

**OR**

What is a 'Fly Shuttle' ? **1**

13. Which two languages among the following are prominently spoken by Belgium Nationals ?
(a) French and English (b) Dutch and French
(c) Russian and Dutch (d) Russian and French **1**

14. Explain the term 'majoritarianism'. **1**

15. Fill in the blanks :
The printing press first came to Goa with _______ missionaries. **1**

**OR**

Catholic priests printed the first _______ book in 1579 at Cochin. **1**

16. Why were the Bibliotheque Bleue popular in France ? Choose the correct option from the following :
(a) They were cheap and small books.
(b) They were promoted by the State.
(c) They were voluminous and colourful.
(d) They were printed on good quality of paper. **1**

17. "Print culture created the conditions within which French Revolution occurred." Which one of the following option support this statement ?
(a) Print popularized the ideas of the enlightened thinkers.
(b) Provided a critical commentary on modernity and despotism.
(c) Print created a new culture of dialogue and debate of clergies.
(d) Print culture spread the views of Nobility only. **1**

18. Fill in the blanks of the following table with suitable information.
Type of Resources : On the basis of Ownership

| Resource | Examples / Type |
|---|---|
| ____A ?____ | Grazing grounds, ponds etc. |
| ____B ?____ | Cultivated land of farmer. |

**½ + ½ = 1**

19. स्तम्भ A व स्तम्भ B में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| | स्तम्भ A | | स्तम्भ B |
|---|---|---|---|
| (a) | मयूरभंज लोह अयस्क की खान | (i) | गुजरात |
| (b) | चन्द्रपुरा तापीय ऊर्जा संयंत्र | (ii) | झारखंड |
| (c) | बॉक्साइट की खदान | (iii) | ओडिशा |
| (d) | कलोल तेल क्षेत्र | (iv) | अमरकंटक |

1

20. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
राजस्थान में स्थित _______ पवन ऊर्जा के प्रभावी प्रयोग के लिए जाना जाता है । 1

## खण्ड – ख

21. "संगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों को 'रोजगार सुरक्षा' के लाभ मिलते हैं ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । 3

**अथवा**

"भारत में सेवा क्षेत्रक की सभी सेवाओं में समान रूप से संवृद्धि नहीं हो रही है ।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । 3

22. भारत में जूट (पटसन) उद्योग के समक्ष आईं किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए । $1 \times 3 = 3$

**अथवा**

किसी क्षेत्र के उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए । $1 \times 3 = 3$

23. भारतीय संविधान में वर्णित 'संघ सूची' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए । $1 \times 3 = 3$

24. "एक देश के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की प्रगति उसके आर्थिक वैभव का सूचक है ।" उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । $1 \times 3 = 3$

25. दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

**असहयोग ही क्यों ?**

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक हिंद स्वराज (1909) में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में ब्रिटिश शासन भारतीयों के सहयोग से ही स्थापित हुआ था और यह शासन इसी सहयोग के कारण चल पा रहा है । अगर भारत के लोग अपना सहयोग वापस ले लें तो साल भर के भीतर ब्रिटिश शासन ढह जाएगा और स्वराज की स्थापना हो जाएगी ।

असहयोग का विचार आंदोलन कैसे बन सकता था ? गांधीजी का सुझाव था कि यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए । सबसे पहले लोगों को सरकार द्वारा दी गई पदवियाँ लौटा देनी चाहिए और सरकारी नौकरियों, सेना, पुलिस, अदालतों, विधायी परिषदों, स्कूलों और विदेशी वस्तुओं का **बहिष्कार** करना चाहिए । अगर सरकार दमन का रास्ता अपनाती है तो व्यापक सविनय अवज्ञा अभियान भी शुरू किया जाए । 1920 की गर्मियों में गांधीजी और शौकत अली आंदोलन के लिए समर्थन जुटाते हुए देश भर में यात्राएँ करते रहे ।

(25.1) गाँधीजी ने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने के लिए किसे हथियार बनाया ?

(25.2) अंग्रेज भारत में कैसे जमे ?

(25.3) असहयोग को आंदोलन बनाने के लिए गाँधीजी के विचारों को स्पष्ट कीजिए । $1 \times 3 = 3$

19. Choose correct option from Column A and Column B.

| | Column A | | Column B |
|---|---|---|---|
| (a) | Mayurbhanj Iron Ore Mines | (i) | Gujarat |
| (b) | Chandrapura Thermal Power Plant | (ii) | Jharkhand |
| (c) | Bauxite Mines | (iii) | Odisha |
| (d) | Kalol Oil Fields | (iv) | Amarkantak |

**1**

20. Fill in the blank :

_______ is well known for effective use of wind energy in Rajasthan. **1**

## Section – B

21. "Workers in the organized sector enjoy security of employment." Evaluate the statement. **3**

**OR**

"All the services of the 'service sector' are not growing equally well." Evaluate the statement. **3**

22. Describe any three major problems faced by the Jute industry in India. **1 × 3 = 3**

23. Describe any three characteristics of 'Union List' mentioned in the Indian Constitution. **1 × 3 = 3**

24. "Advancement of international trade of a country is an index to its economic prosperity." Support the statement with examples. **1 × 3 = 3**

25. **Read the source given below and answer the questions that follows :**

**Why Non-cooperation ?**

In his famous book Hind Swaraj (1909) Mahatma Gandhi declared that British rule was established in India with the cooperation of Indians, and had survived only because of this cooperation. If Indians refused to cooperate, British rule in India would collapse within a year, and swaraj would come.

How could non-cooperation become a movement ? Gandhiji proposed that the movement should unfold in stages. It should begin with the surrender of titles that the government awarded, and a boycott of civil services, army, police, courts and legislative councils, schools, and foreign goods. Then, in case the government used repression, a full civil disobedience campaign would be launched. Through the summer of 1920 Mahatma Gandhi and Shaukat Ali toured extensively, mobilizing popular support for the movement.

(25.1) What was the weapon of Gandhiji to fight against British Empire in India ?

(25.2) How did the British survive in India ?

(25.3) Explain Gandhiji's idea for making non-cooperation as movement.

**1 × 3 = 3**

26. ब्रिटेन में कार्न लॉ के समाप्त करने के किन्हीं तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए । $1 \times 3 = 3$

**अथवा**

मशीन उद्योगों के युग से पहले अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत के रेशमी और सूती उत्पादों के प्रभावशाली होने के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए । $1 \times 3 = 3$

27. पर्यावरणीय धारणीयता के सुधार के लिए कोई तीन उपाय सुझाइये । $1 \times 3 = 3$

28. भारतीय राजनीति में सांप्रदायिकता की किन्हीं तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए । $1 \times 3 = 3$

**अथवा**

भारत की विधायिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व की समस्या का वर्णन कीजिए । **3**

## खण्ड – ग

29. जर्मनी के एकीकरण में ऑटोवॉन बिस्मार्क की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **5**

**अथवा**

इटली के एकीकरण में ज्युत्सेपे मेत्सनी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । **5**

30. प्रारंभिक जीविका निर्वाह और वाणिज्यिक कृषि में अंतर स्पष्ट कीजिए । $5 \times 1 = 5$

31. भारतीय जनता पार्टी की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **5**

32 निम्नलिखित स्रोतों को पढ़िए और उनके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**स्रोत – A उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन**

लोकतंत्र में सबसे बड़ी चिंता यह होती है कि लोगों का अपना शासक चुनने का अधिकार और शासकों पर नियंत्रण बरकरार रहे । वक्त–जरूरत और यथासंभव इन चीज़ों के लिए लोगों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी करने में सक्षम होना चाहिए ताकि लोगों के प्रति ज़िम्मेवार सरकार बन सके और सरकार लोगों की जरूरतों और उम्मीदों पर ध्यान दे ।

**स्रोत – B आर्थिक संवृद्धि और विकास**

तानाशाही वाले कम विकसित देशों और लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले कम विकसित देशों के बीच का अंतर नगण्य सा है । पर हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था तानाशाही से नहीं पिछड़े ।

**स्रोत – C नागरिकों की गरिमा और आज़ादी**

भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था ने कमज़ोर और भेदभाव का शिकार हुई जातियों के लोगों के समान दर्जे और समान अवसर के दावे को बल दिया है । आज भी जातिगत भेदभाव और दमन के उदाहरण देखने को मिलते हैं पर इनके पक्ष में कानूनी या नैतिक बल नहीं होता । संभवतः इसी अहसास के चलते आम लोग अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति ज़्यादा चौकस हुए हैं ।

**स्रोत – A उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन**

(32.1) लोकतांत्रिक सरकार नागरिकों को राजनीतिक निर्णय लेने का हिस्सा कैसे बनाती है ? **1**

26. Explain any three effects of scraping Corn laws in Britain. **1 × 3 = 3**

**OR**

Explain any three reasons for the domination of silk and cotton goods of India in the International market, before the age of machine industries. **1 × 3 = 3**

27. Suggest any three ways to improve the environmental sustainability. **1 × 3 = 3**

28. Describe any three problems of communalism in Indian politics. **1 × 3 = 3**

**OR**

Describe the problems of low representation of women in Indian legislature. **3**

## Section – C

29. Explain the role of Otto Von Bismarck in the Unification of Germany. **5**

**OR**

Explain the role of Giuseppe Mazzini in the Unification of Italy. **5**

30. Distinguish between primitive subsistence and commercial farming. **5 × 1 = 5**

31. Describe any five features of Bharatia Janata Party. **5**

32. Read the following sources and answer the questions that follows :

**Source A – Accountable, responsive and legitimate government**

In a democracy, we are most concerned with ensuring that people will have the right to choose their rulers and people will have control over the rulers. Whenever possible and necessary, citizens should be able to participate in decision making that affects them all. Therefore, the most basic outcome of democracy should be that it produces a government that is accountable to the citizens, and responsive to the needs and expectations of the citizens.

**Source B – Economic growth and development**

The difference in the rates of economic development between less developed countries with dictatorships and democracies is negligible. Overall, we cannot say that democracy is a guarantee of economic development. But we can expect democracy not to lag behind dictatorships in this respect.

**Source C – Dignity and freedom of the citizens**

Democracy in India has strengthened the claims of the disadvantaged and discriminated castes for equal status and equal opportunity. There are instances still of caste-based inequalities and atrocities, but these lack the moral and legal foundations. Perhaps it is the recognition that makes ordinary citizens value their democratic rights.

**Source A – Accountable, responsive and legitimate government**

(32.1) How does democratic government develop mechanism for citizens to be the part of political decision making ? **1**

**स्रोत – B आर्थिक संवृद्धि और विकास**

(32.2) किस हद तक हम कह सकते हैं कि लोकतंत्र आर्थिक विकास के लिए काम करता है ? अपने उत्तर को दो बिंदुओं से स्पष्ट कीजिए । **2**

**स्रोत – C नागरिकों की गरिमा और आज़ादी**

(32.3) किस हद तक लोकतंत्र व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है ? एक उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए । **2**

33. "भारतीय रिजर्व बैंक ऋणों के औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली पर नजर रखता है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

"स्वयं सहायता समूह कर्जदारों को ऋणाधार की कमी की समस्या से उबारने में मदद करते हैं ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । **5**

34. भारत में वैश्वीकरण के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **5 × 1 = 5**

## खण्ड – घ

### मानचित्र आधारित प्रश्न

35. (a) दो लक्षण 'A' और 'B' दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(A) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ ।

(B) वह स्थान जहाँ गांधीजी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया । **1 × 2 = 2**

(b) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) टिहरी – बाँध

(ii) इंदौर – सूती वस्त्र उद्योग केन्द्र

(iii) विजयनगर – लोहा और इस्पात संयंत्र

(iv) नोएडा – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(v) चेन्नई – प्रमुख समुद्री पत्तन

(vi) तारापुर – आणविक ऊर्जा संयंत्र **4**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर, किन्हीं छः का उत्तर दीजिए :**

(35.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ ।

(35.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया ।

(35.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था ।

(35.4) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ टिहरी बाँध स्थित है ।

(35.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ दुर्ग लौह अयस्क खान है ।

(35.6) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ विजयनगर लौह इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(35.7) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नोएडा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है ।

(35.8) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ चेन्नई समुद्री पत्तन स्थित है । **1 × 6 = 6**

**Source B – Economic growth and development**

(32.2) To what extent we can say democracy work for economic development ? Elucidate your answer in two points. **2**

**Source C – Dignity and freedom of the citizens**

(32.3) To what extent democracy promote dignity and freedom of individual ? Elucidate with an example. **2**

33. "The Reserve Bank of India supervises the functioning of formal sources of loans." Support the statement with examples. **5 × 1 = 5**

**OR**

"The Self-Help Groups help borrowers to overcome the problem of lack of collateral security." Support the statement with examples. **5**

34. Analyse the effects of globalization in India. **5 × 1 = 5**

## Section – D
## Map Based Question

35. (a) Two features A and B are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following informations and write their correct names on the lines marked near them.

(A) The place where Jallianwalla Bagh incident took place.

(B) The place where Gandhiji organized 'Satyagraha' in favour of cotton mill workers. **1 × 2 = 2**

(b) Locate and label any four of the following with appropriate symbols on the same given political outline map of India.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Tehri | – | Dam |
| (ii) | Indore | – | Cotton Textile Industrial Centre |
| (iii) | Vijaynagar | – | Iron and Steel Plant |
| (iv) | Noida | – | Software Technology Park |
| (v) | Chennai | – | Major Sea Port |
| (vi) | Tarapur | – | Nuclear Power Plant |

**4**

**Note : The following questions are for visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 35. Attempt <u>any six</u> questions.**

(35.1) Name the State where Jallianwalla Bagh incident took place.

(35.2) Name the place where Gandhiji organized 'Satyagraha' in favour of cotton mill workers.

(35.3) Name the place where Indian National Congress Session of 1927 took place.

(35.4) Name the State where 'Tehri Dam' located.


(35.5) Name the State where Durg iron ore mines located.

(35.6) Name the State where Vijaynagar Iron and Steel Plant located.

(35.7) Name the State where Noida Software Technology Park located.

(35.8) Name the State where Chennai sea port located. **1 × 6 = 6**

प्रश्न सं. **35** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **35**




यहाँ से काटें ----- Cut Here ----- यहाँ से काटें ----- Cut Here